झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , राँची (झारखण्ड)

द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021-2022)

मॉडल प्रश्नपत्र सेट- 4

कक्षा-10	विषय-हिंदी 'बी'	समय -1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश :-

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें।**
- **इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं। सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।**
- **प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें।**
- **2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में,5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखें।**

खण्ड - क (अपठित बोध)

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 2 x 3 = 6

मित्र हमारे जीवन का वह हिस्सा है जिन्हें हम स्वयं चुनते हैं। जितना ज़रूरी जीवन में परिवार का होना है, उतना ही ज़रूरी मित्र का होना भी है। यदि हमारे पास सच्चे मित्र हैं तो जीवन अधिक सकारात्मक, मनोरंजक और सहनशील बन जाता है। सच्चा मित्र मिलना भी बहुत कठिन है। सच्चा मित्र वही होता है जो आपको अपना माने, जो दुःख और सुख में कभी साथ न छोड़े, पीठ पीछे बुराई न करे, मित्रता में कभी छल-कपट न करे तथा अवगुणों से दूर रखे। मित्र के समान समाज में सुख और आनंद देने वाला दूसरा कोई नहीं है। मित्र को देखते ही दुःख कम हो जाता है और हृदय में शक्ति का संचार भी होने लगता है। मित्र के बिना तो जीवन नीरस रहता है।

प्रश्न 1. सच्चे मित्र से हमारा जीवन कैसा बन जाता है?

प्रश्न 2. सच्चा मित्र कौन होता है?

प्रश्न 3. उपर्युक्त गद्यांश का एक शीर्षक लिखिए।

खण्ड - ख (व्याकरण)

निर्देशानुसार उत्तर दीजिए 2 x 2 = 4

प्रश्न 4 . सूरज निकला और चारों ओर उजाला हो गया। यह किस वाक्य का उदाहरण है?

अथवा

रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखिए।

प्रश्न 5 . वह खाना खाकर सो गया। (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए)

अथवा

रमेश के आते ही मोहन चला गया। (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए)

खण्ड - ग (पाठ्पुस्तक)

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4 x 3 = 12

प्रश्न 6. अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए आप प्रार्थना के अतिरिक्त और क्या -क्या प्रयास करते हैं? लिखिए।

प्रश्न 7. 'कर चले हम फिदा' गीत में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है?

अथवा

'कर चले हम फिदा' गीत का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 8. ख्युक्रिन का यह कथन कि 'मेरा एक भाई भी पुलिस में है...।' समाज की किस वास्तविकता की ओर संकेत करता है?

प्रश्न 9. पाठ के आधार पर बताएँ कि बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा?

अथवा

लेखक की पत्नी को खिड़की में जाली क्यों लगवानी पड़ी?

प्रश्न 10. हरिहर काका के साथ उनके सगे भाइयों का व्यवहार क्यों बदल गया? 1 x 3 = 3

खण्ड - घ (रचना)

प्रश्न 11. स्वास्थ्य अधिकारी को अपने मोहल्ले की गन्दगी के विषय में एक शिकायत पत्र लिखिए। 1 x 5 = 5

अथवा

पिताजी को विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 12. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए : 1 x 5 = 5

(क) युवाओं पर दूरदर्शन का प्रभाव

(संकेत बिंदु- प्रस्तावना , मनोरंजन एवं शिक्षा का साधन , प्रभाव , निष्कर्ष)

अथवा

(ख) मेरे आदर्श महापुरुष

(संकेत बिंदु- भूमिका ,जन्म,शिक्षा,समाज एवं देश के प्रति योगदान , उपसंहार)

प्रश्न 13 . 'देश में बढ़ती महंगाई' - इस संबंध में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए। 1 x 5=5

****